छात्राओं को सम्बोधित करती एसआई ब्यूटी सिंह

दिनांक : 18 नवम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मिशन शक्ति चरण–5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एसआई ब्यूटी सिंह, सोनी कुमारी और अजय वर्मा, तथा नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीता, सभी संकाय सदस्य एवं जीएनएम प्रथम वर्ष के सभी छात्राएं वहां उपस्थित थी।

इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई तथा कार्यक्रम में उपस्थित माननीय मुख्य अतिथियों ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में बताया जिसमें उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। थाना चिलुवाताल की एसआई ब्यूटी सिंह जी ने कहा मिशन शक्ति महिलाओ और बालिकाओ के लिए

सुरक्षा, संरक्षण और शशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की एक योजना है जो हिंसा से प्रभावित महिलाओ और संकटग्रसत महिलाओ को तत्काल और व्यापक निरंतर देखभाल, समर्थन वह मदद प्रदान करती है।

एसआई सोनी कुमारी ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर (1090 एवं 112) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा जागरूकता के बारे में यह भी बताया कि कोई भी खतरा होने पर हमें नजदीकी पुलिस स्टेशन में इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए और किसी भी साइबर धोखाधड़ी कॉल पर तुरंत पुलिस स्टेशन मे आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग केवल विश्वसनीय साइट से ही करें अथवा व्हाट्सएप पर उपलब्ध किसी भी लिंक का अनुसरण न करें क्योंकि वे आपके फोन और गतिविधि को हैक कर सकते है। इस कार्यक्रम के अंत में उन्होंने छात्रों द्वारा उत्पन्न शंकाओं का उत्तर दिया।